हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

14 अतिक्रमण का मलबा उठवाने को चेयरमैन से मिला पार्षदों...



14 सीबीएलयू हेल्प डेस्क विद्यार्थियों के लिए बना...



ऊफ गर्मी...

## चिलचिलाती धूप के बीच बार-बार बिजली के कटों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# नौतपा की तपिश से तपा भिवानी 45 डिग्री तक पहुंचा तापमान



भिवानी। भीषण गर्मी में सिर पर कपड़ा रखकर बचाव करतीं युवतियां।

### स्वास्थ्य विभाग ने दोपहर 11 से दो बजे तक बाहर न निकलने की जारी की एडवाइजरी

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

नौतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगा, जिसमें जिले का तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया हैं। नौतपा के नौ दिन साल के सबसे गर्म दिन होते हैं, जिसमें सूर्यदेव अपना रौद्र रूप दिखाता हैं। 25 मई को पहले ही दिन भिवानी में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा और लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप के बीच बार-बार बिजली के अघोषित कटों ने जनता की परेशानी दोगुनी बढ़ा दी। गत सोमवार रात को करीब एक बजे बिजली लाइन में फाल्ट आया, जिसने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। बहुत से क्षेत्र की बिजली सप्लाई 8 से 10 घंटों में बहाल हो पाई। वहीं अघोषित कटों के कारण अक्सर लोग रात को गलियों व घरों की छतों पर घूमते नजर आते हैं। उल्लेखनीय हैं कि नौतपा साल के सबसे गर्म नौ दिन होते हैं, जिसमें सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात होते हैं और लोग भीषण गर्मी एवं लू के कारण अपने घरों में रहते हैं।

#### मजबूरी में घरों में कैद हुए लोग

गर्मी के मौसम में बिजली कट लगने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो जाता हैं। बिजली नहीं आने से अनेक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही। कई कॉलोनियों में पिछले तीन दिन से नलों में पानी नहीं आया है। महिलाएं अलसुबह उठकर हैंडपंपों से पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो चुकी हैं और घरों में बिना पंखे-कूलर पढ़ाई होना तो दूर बैठना भी काफी मुश्किल हो गया हैं। इसके साथ ही गांवों में हालात और भी बदत्तर हैं। पशुओं के लिए चारा-पानी का संकट खड़ा हो गया है।





भिवानी। भीषण गर्मी में किसी तरह कपड़े से ढककर स्वयं को बचातीं युवतियां, लूं के थपेड़ों से बचने के लिए शरीर को कपड़े से ढककर गुजरती स्कूटी सवार युवतियां।

#### गर्मी के मौसम में पानी, नींबू-पानी और अन्य तरल पदार्थों का करें सेवन

भिवानी जिले का तापमान 44-45 डिग्री के आसपास चल रहा हैं, ऐसे में भीषण गर्मी के चलते दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू-पानी, छाछ, लस्सी या तरल पदार्थ पीते रहना चाहिए। गर्मी के मौसम में हल्के भोजना का सेवन करें और बाहर का खानपान से बचना चाहिए। मई व जून के मौसम में गर्मी को देखते हुए शरीर को ढककर रखना चाहिए और सूती कपड़े पहनने चाहिए। गर्मी में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) होने से ज्यादा से ज्यादा तरथ पदार्थों का सेवन करना चाहिए और सिर को ढककर रखना चाहिए। समय समय पर स्वास्थ्य विभाग लोगों को गर्मी से बचाव एवं सांवधानियों बरतने के लिए एडवाइजरी जारी करता रहता हैं, लोगों को उनपर ध्यान देना चाहिए।

- डॉ. रघुबीर शांडिल्य, सिविल सर्जन, भिवानी।

#### ओवरलोडिंग से लगते हैं कट : अधिकारी

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में कूलर, पंखे व एयर कंडीशनर चलते से बिजली की मांग बढ़ जाती हैं और फीडरों पर अतिरिक्त लोड हो जाता हैं। गर्मी के मौसम में ओवरलोडिंग से फॉल्ट, केबल जलने व ट्रांसफार्मर जलने जैसी समस्याएं रहती हैं, जिनके मेंटेनेंस के लिए कट लगाने पड़ते हैं। इसके अलावा लोगों का आरोप है कि कटौती का कोई शेड्यूल जारी नहीं किया जा रहा। वहीं ट्रांसफार्मर पर लोड कम करने और लाइन लॉस रोकने के लिए मेंटेनेंस जरूरी है, इसलिए रोस्टर के हिसाब से कट लगाने पड़ रहे हैं।

#### अस्पतालों में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में गर्मी से चक्कर आना, उल्टी, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। वहीं भीषण गर्मी एवं बिजली नहीं आने से महिलाओं का रसोई में काम करना मुश्किल हो गया है। रात में बिजली के बार-बार अघोषित कट लगने से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। कई इलाकों में लाइट नहीं आने की वजह से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। वहीं व्यापारियों के अनुसार नौतपा में भीषण गर्मी का प्रकोप रहता हैं और दोपहर में ग्राहक कम आने से कारोबार पर असर पड़ रहा है, क्योंकि तेज धूप और गर्म के हवाओं के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। रिक्शा चालकों और फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि गर्मी के कारण उनकी आजीविका पर असर पड़ रहा है।

पेयजल संकट पर सरकार का बड़ा एक्शन

## दादरी के एसडीओ व जेई सस्पेंड लापरवाही बरतने पर गिरी गाज

- पेयजल और सीवर व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही थी जेई की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी क्षेत्र में पेयजल और सीवर व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार ने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लेते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के संबंधित एसडीओ और जेई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में लापरवाही और आमजन को समय पर सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाने के आरोपों के चलते की गई है।

दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पेयजल सप्लाई को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया था। विधायक की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सरकार ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है और पेयजल जैसी जरूरी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भीषण गर्मी के दौरान हर घर तक सुचारू पेयजल पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। विधायक ने बताया कि इससे पहले कार्य में लापरवाही के चलते बिजली निगम के एक अधिकारी पर भी गाज गिर चुकी है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि दादरी क्षेत्र में पीने के पानी और नहरी पानी की सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा अधिकारियों को फील्ड में रहकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जवाबदेही तय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार ने साथ ही अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी चेतावनी दी है कि भविष्य में पेयजल व बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई मिलने पर और कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### भीषण गर्मी के कारण मोर ने तोड़ा दम

**बहल।** दिन प्रतिदिन बढ रही गर्मी का कहर अब बेजुबान पशु पक्षियों पर टूटने लगा है। हालात ये हैं कि पशु-पक्षी गर्मी को सहन नहीं कर कर पा रहे है और धूप से तड़प रहे हैं। गोकलपुरा गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर ने दम तोड़ दिया।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक कल

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार 29 मई को आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे। बैठक को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

## धूपड़ भाजपा के एक जुझारू, कर्मठ एवं संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित कार्यकर्ता : हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला भिवानी के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़ को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। हनुमान शर्मा ने कहा कि शंकर धूपड़ भाजपा के एक जुझारू, कर्मठ एवं संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने वर्षों तक भाजपा की नीतियों और संगठन को मजबूत करने के लिए निष्ठा के साथ कार्य किया है। उनकी कार्यशैली, अनुभव और प्रशासनिक क्षमता का लाभ अब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को मिलेगा तथा विद्यार्थियों के हित में पारदर्शी और सकारात्मक निर्णय देखने को मिलेंगे। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रदेश प्रवक्ता व महेंद्रगढ़ के जिला प्रभारी शंकर धूपड़ को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन नियुक्त किए गए है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर भाजपाइयों ने नवनियुक्त चेयरमैन शंकर धूपड़ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

#### जिम्मेदारी मिलने पर जिला प्रवक्ता ने दी बधाई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने नवनियुक्त चेयरमैन के निवास स्थान व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में उनके कार्यालय पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। एडवोकेट शंकर धूपड़ की भाजपा जिला प्रवक्ता ने कहा कि इस फैसले से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में बल्कि पूरे भिवानी वासियों में उत्साह और हर्ष की लहर है। भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि एडवोकेट शंकर धूपड़ को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन बनाना भिवानी के लिए एक विशेष बात और बहुत बड़ा सम्मान है। शिक्षा बोर्ड के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब भिवानी के ही किसी स्थानीय और योग्य व्यक्ति को इस प्रतिष्ठित बोर्ड के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मादक पदार्थ लेकर जा रहे दो आरोपित काबू

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने मादक पदार्थ हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी जैन चौक के उप निरीक्षक धर्मबीर अपनी टीम के साथ गश्त व पड़ताल ड्यूटी के दौरान हनुमान गेट भिवानी क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर मादक पदार्थ लेकर आने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा पिपली वाली जोहड़ी के पास पहुंचकर चेकिंग अभियान शुरू किया गया। चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर बताई गई मोटरसाइकिल दिखाई दी, जिसे रुकवाकर जांच की गई।

अनदेखी | मार्गों पर हरे पेड़ों की आगजनी, फोरेस्ट की लाखों की सम्पति हो रही नष्ट

# हरियाली से फोरेस्ट विभाग का मोहभंग, नहर और सड़कों पर गिरे पेड़ों से रास्ते हुए तंग

सड़क पर गिरे पेड़ों को आग लगाने से पर्यावरण को पहुंची अपूरणीय क्षति और हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लगता है कि फोरेस्ट विभाग को हरियाली से मोहभंग हो गया है या यूं कहिए कि वह अपनी प्रोपर्टी(आंधी तूफान में गिरे पेड़ पौधे) को आकलंन ही नहीं कर रहा। आंधी तूफान को करीब तीन सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत गया,लेकिन अभी भी सड़क, नहर व माइनरों के किनारों पर आज भी पेड़ गिरे पड़े है। उनको कोई उठाने वाला नहीं है। गिरे हुए पेड़ किसानों के खेतों में दूर दूर तक पड़े है,लेकिन आज वन विभाग ने उनकी सूध तक नहीं ली है। यहां तक कि उनको यह भी जानकारी नहीं है कि फिल्ट में कितने पड़े आंधी व तूफान की भेंट चढ गए है । लकड़ियां न उठाने की वजह से लोग उन लकड़ियों को आग के हवाले कर रहे है। दूसरी तरफ इसी समस्या को लेकर पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने इस संबंध में भिवानी के उपायुक्त व वन विभाग को एक लिखित शिकायत सौंपकर तुरंत उचित कानूनी कार्रवाई और आंधी-तूफान से पड़े हरे पेड़ों की अवैध कटाई व आगजनी पर रोक लगाने की मांग की है ईश्वर मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि इन जलते और सडक़ पर गिरते पेड़ों के कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों, वाहन चालकों और विशेषकर किसानों के लिए हर समय एक बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। कभी भी किसी की जान जा सकती है। इससे न केवल पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि सरकार के राजस्व को भी लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया है। मान ने अपनी शिकायत में इस बात पर भी गहरी चिंता जताई गई है कि इतनी बड़ी तादाद में आगजनी होने के बावजूद प्रशासन और वन विभाग पूरी तरह से बेखबर बना हुआ है। ईश्वर मान ने कहा कि यह वन विभाग की लापरवाही को दर्शाता है, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग और लिंक रोड के किनारे की हरित पट्टी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त व वन विभाग अधिकारियों से मांग की कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने, सरकारी संपत्ति को आग लगाने और राजस्व को चपत लगाने वाले दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी मामला दर्ज किया जाए, सड़क पर गिरने की कगार पर पहुंच चुके अधजले पेड़ों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाए।






भिवानी। कुछ दिन पहले आए तूफान से सड़क किनारे टूट कर गिरे पेड़।

#### डीसी को पूर्व जिप पार्षद ने दी शिकायत

पूर्व जिला पार्षद पार्षद ईश्वर मान ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते दिनों आई आंधी-तूफान के कारण गांव तिगड़ाना से धनाना जाने वाले मार्ग (वाया जींद रोड एनएच-709ए) पर सडक़ के दोनों तरफ हजारों की संख्या में सफेदे और अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ गिरे हुए हैं। इन पेड़ों की लंबाई लगभग 100-100 फीट है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से कुछ असामाजिक तत्वों और भू-माफियाओं द्वारा इन हरे-भरे पेड़ों को नष्ट करने के लिए आग भी लगा दी गई है, जिससे आधे से ज्यादा पेड़ जलकर खाक हो चुके हैं। मान ने कहा कि यह सीधे तौर पर पर्यावरण पर हमला और सरकारी संपत्ति की नुकसान पहुंचाना है। तिगड़ाना-धनाना रोड पर जो सफेदे के विशाल पेड़ लगे हैं, वे हमारी हरी-भरी धरोहर हैं।









डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हीट स्ट्रोक-सन बर्न से बचने के कारगर उपाय

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं फील्ड जॉब करता हूं। कृपया बताएं कि हीट स्ट्रोक और स्किन सन बर्न से बचने के लिए मुझे क्या उपाय अपनाने चाहिए?**

**-हेमंत, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप फील्ड जॉब करते हैं, इसलिए आपको इन दिनों अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। दिन के समय घर से बाहर निकलने से पहले पानी पीकर निकलें। साथ में अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हर घंटे में पानी पीते रहें। बेहतर होगा कि सुबह शिकंजी या छाछ पीकर निकले। साथ ही संभव हो तो जब आप फील्ड में हों तब दोपहर में भी शिकंजी या छाछ पी लें। इसके अलावा सन बर्न से बचने के लिए पूरी स्किन को ढंक कर रखें। अगर पैदल जा रहे हैं तो छाते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरा बीपी कभी हाई तो कभी लो हो जाता है। इसकी क्या वजह हो सकती है? बीपी नॉर्मल रखने के लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-अविनाश, महासमुंद**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, जिससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। इसलिए आप अपना बीपी मॉनिटर करते रहें। पानी का सेवन अधिक करें। अगर बीपी लो हो रहा है तो बीच-बीच में इलेक्ट्रॉल भी पी सकते हैं। अगर बीपी हाई भी हो रहा है तो आप एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कहीं यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुब्रत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो रही है, क्योंकि सर्वाइकल में ही गर्दन में दर्द होता है और कई बार चक्कर भी आने लगते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच कर बीमारी का पता लगाएंगे और उसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप तकिए का इस्तेमाल बंद कर दें और मोबाइल या लैपटॉप वर्क करते समय गर्दन सीधी रखें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। मुझे गर्मी के मौसम में सामान्य से बहुत अधिक पसीना आता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-विकास, दुर्ग**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है, जिन्हें थोड़ी-सी गर्मी में पसीना निकलने लगता है, हाथों में पसीना आ जाता है। इसके लिए आप जरूर ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी अधिक पिएं। साथ ही कोशिश करें कि धूप में कम से कम बाहर निकलें। अगर निकल रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। इस तरह ही बचाव किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता रहता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-संचित, भोपाल**

आप बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ऐसे मामले में बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह आपको गाइड करेंगे कि कौन-सी जांच करानी है या आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्र, रोहतक**

आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए आपको ऐसा लगता है। सबसे पहले अपना खान-पान सुधारना होगा। सुबह नाश्ते में जूस लेना चाहिए, दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही लें। शाम को हल्का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा बाजार का बना या घर में बना अधिक ऑइली खाने से फिलहाल परहेज करना चाहिए। रात में सोने से 3 घंटे पहले आपको खा लेना चाहिए। इस तरह बदलाव करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है नहीं तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे



**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

हम सभी जानते हैं कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से कई तरह की गंभीर शारीरिक बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। बावजूद इसके लोग इसकी लत से खुद को मुक्त नहीं करते हैं। तंबाकू सेवन से किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इसकी लत से बचे रहना कितना आवश्यक है, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स दे रहे हैं महत्वपूर्ण जानकारियां।

## धूम्रपान-तंबाकू के सेवन से बढ़ती है गंभीर बीमारियों की आशंका

हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूरी दुनिया में वर्ल्ड नो टोबैको-डे मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन और स्मोकिंग करने से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक करना है। आंकड़े बताते हैं कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन कैंसर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों की बीमारी और समय से पहले मौत की बड़ी वजह बन चुका है। सिर्फ स्मोकिंग करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोग भी इसके धुएं से प्रभावित होते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है और लगातार सेवन करने से सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

### हार्ट पर पड़ता है बुरा असर

स्मोकिंग करने या तंबाकू के सेवन से हार्ट पर क्या असर पड़ता है, इस बारे में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एंड चैयरमेन मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स **डॉ. पुरुषोत्तम लाल** बताते हैं, 'स्मोकिंग और तंबाकू का सीधा असर हार्ट और ब्लड वेसल्स पर पड़ता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन धीरे-धीरे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ब्लड फ्लो प्रभावित होने लगता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धमनियां संकरी हो सकती हैं और हार्ट अटैक के साथ ही स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना और हार्ट की कार्यक्षमता कम होने जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र के लोगों में भी हार्ट डिजीज तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी बड़ी वजह तंबाकू सेवन और खराब लाइफस्टाइल है। अगर समय रहते तंबाकू छोड़ दिया जाए, तो हार्ट पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है और गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को घटाया जा सकता है।'



### लंग्स के लिए बहुत खतरनाक

तंबाकू का सेवन और खासतौर पर स्मोकिंग का हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लंग्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देते हैं। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कौर** डिटेल में बताती हैं, 'स्मोकिंग के दौरान निकलने वाला धुआं फेफड़ों की नलियों और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम बनना, अस्थमा और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों में बार-बार संक्रमण हो सकता है और लंग कैंसर का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। कई बार लोगों को शुरुआती लक्षणों का पता ही नहीं चलता और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। यही वजह है कि जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक फेफड़े काफी प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए फेफड़ों को स्वस्थ रखने और बेहतर जीवन के लिए तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन छोड़ना बेहद जरूरी है।'

### बढ़ता है कैंसर का रिस्क

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना कैंसर की आशंका को बहुत बढ़ा देता है। इस बारे में मैनेजिंग डायरेक्टर-कैंसर हीलर सेंटर **डॉ. तरंग कृष्णा** कहते हैं, 'तंबाकू शरीर में कैंसर पैदा करने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक माना जाता है। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा या किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन शरीर की कोशिकाओं को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, जीभ, फेफड़े, भोजन नली, पेट और ब्लैडर कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। कई बार लोग सिर्फ स्मोकिंग को ही खतरनाक मानते हैं, लेकिन बिना धुएं वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही नुकसानदायक होते हैं। मुंह में लंबे समय तक तंबाकू रखने से सफेद दाग, छाले, मुंह कम खुलना और बार-बार घाव होना जैसे शुरूआती संकेत दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें लोग अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटे लक्षण आगे चलकर गंभीर कैंसर का रूप ले सकते हैं। चिंता की बात यह है कि आज युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी तंबाकू से जुड़े कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर शुरूआती स्टेज में बीमारी पकड़ में आ जाए तो इलाज की संभावना बेहतर रहती है, लेकिन देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर खुद को धीरे-धीरे रिपेयर करना शुरू कर देता है और कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होने लगता है।'



### तंबाकू छोड़ना है जरूरी

अगर आप किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं तो न भूलिए कि आप यहां बताई गई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में तंबाकू सेवन छोड़ने का फैसला आपके जीवन का सबसे बड़ा और सकारात्मक कदम हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के कुछ ही समय बाद शरीर में अच्छे बदलाव दिखने शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे फेफड़ों और हार्ट पर पड़ने वाला दबाव कम होने लगता है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी घटने लगता है। तंबाकू छोड़ने से शरीर ज्यादा सक्रिय महसूस करता है, सांस लेने में आसानी होती है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी बेहतर महसूस करता है। हालांकि लंबे समय से तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए यह आदत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और सही सलाह से यह संभव है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और तनाव कम करने वाली गतिविधियां तंबाकू की लत छोड़ने में काफी मदद कर सकती हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी फायदेमंद हो सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### जागरूकता और संकल्प का दिन

**विश्व तंबाकू** निषेध दिवस केवल जागरूकता फैलाने का अभियान नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का अवसर भी है। यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि तंबाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर पर युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर सही समय पर लोग इस आदत से दूरी बना लें, तो वे अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।



अवेयरनेस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों अफ्रीका के कांगो, सूडान और युगांडा देशों में इबोला वायरस संक्रमण की खबरें आ रही हैं। यह जानलेवा संक्रामक रोग है। हालांकि अपने देश में अभी इसका कोई मामला नहीं आया है लेकिन इस बारे में सही जानकारी और सावधानी बरतना जरूरी है।

## इबोला वायरस का संक्रमण सही जानकारी-सावधानी है जरूरी



इबोला वायरस का बुंडी बुग्यो स्ट्रेन बेहद संक्रामक और घातक है, जिसके चलते अफ्रीका के कुछ देशों में सैंकड़ों लोग संक्रमित ही नहीं, मौत का शिकार भी हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इसे ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। यानी यह लोगों की सेहत से जुड़ी ऐसी इमरजेंसी है, जिस पर पूरी दुनिया को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**सरकार ने जारी किए निर्देशः** हालांकि भारत में फिलहाल इबोला का कोई प्रकोप नहीं है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने भी अफ्रीका के कांगो, युगांडा और साउथ सूडान देशों को हाई रिस्क कंट्री की कैटेगरी में रखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और वैश्विक संपर्क के कारण सतर्कता बढ़ा दी है। एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग, संदिग्ध यात्रियों की निगरानी और स्वास्थ्य विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने देश के नागरिकों को हालात सामान्य होने तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा न करने की भी अपील की है।

**क्या है इबोला वायरसः** अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला जानलेवा और यह बेहद संक्रामक ऑर्थोवायरस है। सन् 1976 में पहली बार पहचाने गए इबोला वायरस के अब तक कुल पांच मुख्य स्ट्रेन आए हैं। इनमें से बुंडी बुग्यो भी एक है जो इन दिनों कांगो और युगांडा में कहर बरपा रहा है। इबोला वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर में ब्लीडिंग और ऑर्गन फैलियर होने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक इबोला वायरस से संक्रमित मरीजों में औसतन 50 प्रतिशत की मौत हो सकती है। इसलिए वैश्विक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

**कैसे फैलता है वायरसः** इबोला वायरस इंसानों और प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी और गोरिल्ला) को अपना शिकार बनाता है। यह वायरस डायरेक्ट कॉन्टेक्ट यानी संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे- रक्त, आंसू, पेशाब, पसीना, लार, उल्टी, मल-मूत्र, वीर्य और सेक्सुअल इंटरकोर्स, कई मामलों में ब्रेस्ट मिल्क से भी। इसके अलावा संक्रमित कपड़े, बिस्तर और दूसरे सामान छूने से भी इबोला वायरस का इंफेक्शन हो सकता है।

**इन्क्यूबेशन पीरियडः** बुंडी बुग्यो इबोला वायरस शरीर में पहुंचने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने में 2-21 दिन तक लग सकते हैं। जब तक संक्रमित व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आते, तब तक वह बीमारी नहीं फैलाता।

**प्रमुख लक्षणः** शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य बुखार जैसे लग सकते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। पहले हल्का फिर तेज बुखार, थकान, बेचैनी, कमजोरी, मसल्स क्रैंप, बदन दर्द, सिर दर्द, गला खराब या खराश होना। संक्रमण बढ़ने पर किडनी-लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। जिससे मरीज को उल्टी, डायरिया, पेट दर्द, त्वचा में रैशेज या जॉन्डिस होना, आंखों में लालिमा, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एडवांस या गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक और बाहरी ब्लीडिंग हो सकती है। आंखों में ब्लीडिंग होने से सडेन लॉस ऑफ विजन हो सकता है, रैटिनल हैमरेज हो सकता है। यूरिन में ब्लड आ सकता है यानी हैमिचुरया हो सकता है। इंजेक्शन लगाने वाली जगह से, मसूड़ों से, उल्टी या मल में भी ब्लड आ सकता है। लिवर फेलियर, किडनी फेलियर या मल्टी-ऑर्गन फेलियर की वजह से मरीज की मौत भी हो सकती है। संक्रमण के लक्षण सामान्य बुखार से मिलते-जुलते होते हैं। इसीलिए इसे पहचानना मुश्किल होता है। किसी क्षेत्र में संक्रमण आउटब्रेक चल रहा हो, तो मरीज का इबोला संक्रमित होने के अंदेशे और लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है।

**कैसे होता है डायग्नोजः** मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन किया जाता है। लक्षणों पर गौर कर आरटीपीसीआर टेस्ट से होती है। ब्लड प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। आईजीजी, आईजीएम टेस्ट भी किए जाते हैं।

**कैसे होता है उपचारः** इबोला के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। मेडिकल इंटरवेंशन से मरीज को आइसोलेट करके मैनेज किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। मरीज को जाइरेनसी ऑर्थो-इबोला वैक्सीन भी दी जा सकती है, जो एफडीए प्रूव है और इबोला स्ट्रेन के उपचार में काफी प्रभावी है। इबोला संक्रमण होने की स्थिति में आम तौर पर सपोर्टिव केयर की जाती है। डिहाइड्रेशन या मरीज के शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए मुंह या फिर नसों के जरिए लिक्विड दिए जाते हैं। फेफड़ों को नुकसान होने पर सांस लेने में दिक्कत होने की स्थिति में ऑक्सीजन दी जाती है। चेस्ट इंफेक्शन होने पर एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। लो ब्लडप्रेशर को मेंटेन करने के लिए फ्ल्यूड दिए जाते हैं। *




प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### कैसे करें बचाव



**इससे बचाव** के इन उपायों पर अमल करें।

- संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड से बचें।
- सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें।
- हाथ न मिलाएं। मास्क पहनें।
- संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को छूते समय एहतियात बरतें। यथासंभव ग्लव्स पहनें या अच्छी तरह हाथ धोएं।
- अगर किसी बच्चे को संक्रमण हो रहा है, तो मां के पास ही रखें, दूसरे लोगों के पास न जाने दें।
- संक्रमित व्यक्ति कफ-एटीकेट, हैंडवॉश प्रोटोकॉल अपनाएं।
- जंगली जानवरों के संपर्क से बचें। कच्चे मांस का सेवन बिल्कुल न करें।
- स्वास्थ्यकर्मी पर्सनल प्रोटेक्टिव गेयर यानी पीपीई किट (दस्ताने, मास्क और सुरक्षात्मक कपड़े) पहनें।
- इबोला संक्रमित मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करते हुए पूरी एहतियात बरतें क्योंकि विशेषज्ञ मानते हैं कि मृत शरीर भी संक्रामक होता है।
- इबोला वायरस के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी तरह की आशंका हो तो यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करें।

प्रिकॉशन
ललिता गोयल

हेल्थ कॉन्शस लोग वर्कआउट करना कभी स्किप नहीं करते हैं। अगर आप भी ऐसे लोगों में से हैं तो भीषण गर्मी के इन दिनों में जिम वर्कआउट करने के दौरान कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। ऐसा न करने पर आपकी तबियत बिगड़ सकती है।

## समर सीजन में जिम वर्कआउट रखें जरूरी बातों का ध्यान

आजकल फिट रहने के लिए बहुत से यंगस्टर्स जिम ज्वाइन करते हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में जिम जाने वालों को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इस दौरान डिहाइड्रेशन से लेकर थकान और इंफेक्शन की आशंका रहती है। एक्सरसाइज करने से जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, जिससे शरीर से बदबू आती है और अत्यधिक गर्मी से सेहत के बिगड़ने का खतरा रहता है।

**सावधानी बरतना है जरूरीः** जिम इंस्ट्रक्टर राहुल के अनुसार, 'गर्मी में शरीर का तापमान पहले से ही ज्यादा होता है और वर्कआउट करने पर पसीना ज्यादा बहता है, जिससे डिहाइड्रेशन का रिस्क बढ़ सकता है। इसलिए अगर जिम जाने से पहले तैयारी न की जाए, तो व्यक्ति को चक्कर आना या कमजोरी हो सकती है।' गर्मी के इस मौसम में बिना तैयारी के जिम जाना फायदे की जगह नुकसान कर सकता है। इसलिए फिटनेस के लिए जिम जाने से पहले हर किसी को कुछ खास सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है।

**पहले भरपूर पानी पिएंः** जिम करने के दौरान पसीने के साथ नमक भी निकलता है इसलिए जिम जाने से 30-60 मिनट पहले कम से कम 1-2 गिलास पानी जरूर पिएं। सादे पानी की जगह नीबू पानी, नारियल पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स पीकर जाएं। एक्सरसाइज के दौरान भी बीच-बीच में पानी के घूंट लेते रहें। सबसे जरूरी है कि वर्कआउट के बाद शरीर को रीहाइड्रेट जरूर करें। जिम के बाद लोग नारियल पानी या इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स भी लिए जा सकते हैं।





**मौसम के अनुसार ड्रेस पहनेंः** इस मौसम में पसीना बहुत आता है और अगर कपड़े सही न हों, तो पसीने से इंफेक्शन भी हो सकता है, इसलिए गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए वर्कआउट करने से पहले कॉटन या ड्राई-फिट कपड़े पहनें, जो पसीना सोख सकें और शरीर को ठंडा रखें। जिम में नायलोन जैसे फैब्रिक की ड्रेस पहनने से बचें।

**डाइट का ध्यान रखेंः** गर्मी में लोगों को जिम जाने से पहले अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रीवर्कआउट मील हल्का और एनर्जी देने वाला होना चाहिए। इसके लिए डाइट में फल, ओट्स, केला या ड्राई फ्रूट्स शामिल किए जा सकते हैं। इससे गर्मी में भी वर्कआउट के दौरान एनर्जी बनी रहती है। इसके अलावा जिम जाने से ठीक पहले कॉफी या चाय न पिएं, क्योंकि इससे शरीर में पानी की कमी हो सकती है। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने से भी परहेज करें क्योंकि इनसे पेट फूलने और एसिडिटी होने की दिक्कत हो सकती है। डेयरी प्रोडक्ट्स के बहुत ज्यादा सेवन से भी परहेज करें। जिम जाने वालों में यह डिस्कंफर्ट और दस्त की वजह बन सकता है।

**सही समय चुनेंः** गर्मियों में दोपहर में 12 से 4 बजे के बीच गर्मी अपने चरम पर होती है और ऐसे में अगर इंटेंस वर्कआउट किया जाए तो इससे डिहाइड्रेशन होता है और दिल पर भी असर पड़ता है। इसीलिए गर्मियों में दोपहर को जिम में वर्कआउट बिल्कुल न करें। गर्मियों में सुबह या फिर शाम के समय ही वर्कआउट करना चाहिए।

**रखें ध्यानः** अगर चक्कर आए, सिरदर्द या ज्यादा थकान महसूस हो रही है, तो जिम जाने से बचना चाहिए, क्योंकि गर्मी की वजह से शरीर पहले से ही डिहाइड्रेट होता है, ऐसे में जिम में पसीना बहाना जोखिम भरा हो सकता है। गर्मियों में मांसपेशियों में ऐंठन का खतरा होता है, इसलिए शुरू में 5-10 मिनट का हल्का वार्म-अप बहुत जरूरी है। वर्कआउट की स्पीड कम रखें। गर्मियों में भारी वजन उठाने की जगह हल्के वजन से प्रैक्टिस करें। हर सेट के बाद थोड़ा समय आराम जरूर कर लें, लगातार एक्सरसाइज न करें। इससे ताप कंट्रोल रहेगा। ऐसे जिम में वर्कआउट करें, जहां कूलिंग की अच्छी सुविधा हो। *

## खबर संक्षेप

### पंडित जवाहरलाल नेहरू को किया नमन

**बाढ़डा।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस नेता सोमबीर सिंह ने कहा कि नेहरूजी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी और युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कांग्रेस नेता सोमबीर ने कहा कि पंडित नेहरू केवल एक राजनेता नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे, जिन्होंने देश को लोकतंत्र, शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और विकास की नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया।

### नंबरदार शीशराम के निधन पर जताया शोक

**बाढ़डा।** नंबरदार एसोसिएशन सदस्य शीशराम धनखड़ जगरामबास का हृदयघात से निधन हो गया। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंचकर गहरा शोक प्रकट किया। गांव जगरामबास निवासी युवा नेता संदीप धनखड़ के चाचा शीशराम धनखड़ लंबे समय से सामाजिक सेवाओं में जुटे रहे। शीशराम के निधन पर दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, अनिल धनखड़, मुकेश जेवली, डॉ. मांगेराम काकड़ौली, शुभराम, रणधीर सिंह, ऋषि भांडवा, मास्टर विनोद मांढी, मास्टर बजरंग सिंटी, डॉ. राकेश मांढी, संतराम दिसौदिया, महेन्द्र सिंह, प्रदीप श्योराण, विकास आदि ने उनके आवास पहुंचकर गहरा शोक जताया।

पंडित नेहरू के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई पूर्व पीएम पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

### आधुनिक भारत के शिल्पकार थे पंडित जवाहर लाल नेहरू: ईश्वर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को रोहतक रोड स्थित कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व एवं प्रधान ईश्वर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। इस मौके पर सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

कांग्रेस नेता ईश्वर शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी कार्यों और उनकी विरासत को याद करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के शिल्पकार थे।

जब देश आजाद हुआ, तब हमारे पास बुनियादी ढांचा नहीं था, लेकिन नेहरू की दूरदर्शिता ने देश को आईआईटी, आईआईएम, एम्स व इसरो जैसी संस्थाएं दीं, जो आज वैश्विक स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने भाखड़ा नांगल जैसे बड़े बांधों को आधुनिक भारत के मंदिर कहा था, क्योंकि वे जानते थे कि कृषि एवं उद्योग ही देश की रीढ़ हैं। आज हम जिस सुदृढ़ और लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं, उसकी मजबूत नींव पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ही रखी थी। उनके विचार, धर्मनिरपेक्षता और अनेकता में एकता का संदेश हमारे देश को जोड़े हुए है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए देश की अखंडता एवं समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करना होगा।



भिवानी। पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डॉ. फूलसिंह धनाना, जयवीर गोयत, बलबीर सरोहा, बलवान घणघस, सूरज, अधिवकता पुनीत नूनीवाल आदि मौजूद रहे।

### देश के प्रथम प्रधान मंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को भिवानी, तोशाम व कैरू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भिवानी स्थित अनिरुद्ध चौधरी के कार्यालय सहित तोशाम व कैरू ब्लॉक में विशेष कार्यक्रम किए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के प्रति उनके महान योगदान को याद किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि आधुनिक भारत पंडित जवाहरलाल नेहरू की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 16 साल, 9 महीने और 12 दिन तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा कर आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी थी। जब देश आजाद हुआ, तब हमारे पास संसाधनों की भारी कमी थी और वर्ष 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत की, जिससे देश में कृषि, सिंचाई और उद्योगों के नए युग का सूत्रपात हुआ। चौधरी ने कहा कि नेहरू ने भाखड़ा नांगल बांध, रिहंद बांध और बोकारो इस्पात कारखाना जैसे विशाल प्रोजेक्ट्स की स्थापना की। उन्होंने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति देशहित में दान कर दी थी। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू का कार्यकाल 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक रहा। उन्होंने हर क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने का काम किया। साल 1955 में उन्होंने चिल्ड्रन फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया का भी गठन किया। अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय नेहरू ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए 1955 में छुआछूत विरोधी कानून और 1961 में दहेज विरोधी कानून लागू किए। उन्होंने महिलाओं को कानूनी अधिकार दिए और बाल विवाह व सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं को खत्म करने पर पूरा जोर दिया।



भिवानी। ग्रामीण जिलाध्यक्ष कार्यालय में पं. जवाहरलाल नेहरू को नमन करते कांग्रेसी।

# सेशन जज डीआर चालिया ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार के साथ स्थानीय जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों और हवालातियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरकों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कैदियों से उनके मामलों की प्रगति, कानूनी सहायता की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं को लेकर बातचीत की गई। कई कैदियों ने अपने मामलों से जुड़ी परेशानियां अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उन्हें उचित कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया। सेशन जज डीआर चालिया ने जेल परिसर में संचालित कानूनी सहायता क्लीनिक का निरीक्षण किया। साथ ही पैरा लीगल वालंटियर्स के कार्यों का भी आकलन किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद कैदियों को समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाए ताकि कोई भी व्यक्ति न्यायिक प्रक्रिया से वंचित न रहे।



भिवानी। जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एमएसपी के नए आदेश की प्रतियां जलाई और पेट्रोल-डीजल के बढ़ाए गए रेटों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

गांव सरल की ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन कमेटी ने गांव सरल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के नये आदेश की प्रतियां जलायीं। साथ ही पिछले दस दिन में चार बार पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दाम बढ़ोतरी तथा पिछले सप्ताह रसोई गैस, दूध आदि की दाम बढ़ोतरी के खिलाफ गाँव के मैन चौक पर एआईकेकेएमएस कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, नारे लगाए और सरकार से बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य फूलचंद सैनी ने कहा कि सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के फंदे न फंसे, वहाँ से महंगा कच्चा तेल खरीदने की बजाय रूस-ईरान आदि देशों से या जहां से सस्ता मिलता है, वहां से खरीदे और आम जनता को आधे रेट पर तेल दे। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि बड़ी-बड़ी तेल कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था और रूस से मात्र 30 डॉलर प्रति बैरल आयात किया,तो भी कम्पनियों ने रेट नहीं घटाये, लोगों को राहत नहीं दी और प्रति दिन अरबों-खरबों का मुनाफा कमाया। अब तेल कंपनियों द्वारा घाटे के नाम पर की गई वृद्धि एकदम से नाजायज़ है। यहां उजाला सिंह, ओमवीर जांगड़ा, सुखबीर सिंह जांगड़ा, पवन कुमार, धर्मवीर सिंह, जय भगवान, रमेश कुमार आदि रहे।



तोशाम। नए आदेशों की प्रतियां फूंकते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष ऐतिहासिक: कौशिक

**तोशाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने ऐतिहासिक बताया है। इस बारे में गाँव शिमली मे ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए जगत कौशिक ने कहा कि इन 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और वैश्विक सम्मान के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति और जनहितकारी योजनाओं ने करोड़ों देशवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। कौशिक का कहना था कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई दिशा मिली है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रेरणादायी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोटिशः नमन करते हुए उनका आभार जाता है। इस अवसर पर संजीव शिमली, बबिता, ताजबीर, इमरान, रामवतार शर्मा, बन्नी गुज्जर, अशोक पंच आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने मादक पदार्थ हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी जैन चौक के उप निरीक्षक धर्मबीर अपनी टीम के साथ गश्त व पड़ताल ड्यूटी के दौरान हनुमान गेट भिवानी क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर मादक पदार्थ लेकर आने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा पिपली वाली जोहड़ी के पास पहुंचकर चेकिंग अभियान शुरू किया गया। चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर बताई गई मोटरसाइकिल दिखाई दी, जिसे रुकवाकर जांच की गई। जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों के कब्जे से मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंकज पुत्र मुन्नालाल निवासी पिपली वाली जोहड़ी भिवानी तथा आरजू पुत्र अशोक निवासी पिपली वाली जोहड़ी भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 6.6 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई।

### भीषण गर्मी में युवाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील, मिली राहत

**बाढ़ड़ा।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान के बीच जुई-बाढ़ड़ा मुख्य मार्ग स्थित गांव काकड़ोली सरदारा के मुख्य बस स्टैंड पर ग्रामीण युवाओं ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए राहगीरों के लिए ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई। इस सामाजिक पहल के माध्यम से राहगीरों, वाहन चालकों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की। सुबह से शुरू हुए इस सेवा कार्य में युवाओं ने मार्ग से गुजरने वाले दुपहिया व फॉर व्हीलर वाहन चालकों व पैदल राहगीरों को रोक-रोककर ठंडा मीठा पानी पिलाया। युवाओं ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है और भीषण गर्मी में जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानव सेवा है। इस दौरान अंकुश, जतिन, सन्नी, प्रवीण वालिया, राहुल, सूरज, अनिकेत, हिमांशु, परविंद्र सहित अन्य युवाओं ने समाजहित में आगे आने का आह्वान करते हुए लोगों से पक्षियों, पशुओं और जरूरतमंदों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की।

### बच्चों का किसी भी प्रकार से शोषण नहीं होना चाहिए: तृप्ति श्योराण

**भिवानी।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने प्रदेशभर की बाल देखभाल संस्थानों के कार्य संचालन, प्रबंधन, समन्वय एवं बच्चों के पुनर्वास से संबंधित विषयों को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं। आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा बाल देखभाल संस्थानों के तहत बच्चों के पुनर्वास, सामाजिक पुनःस्थापन, लंबित मामलों, बहाली प्रक्रिया, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, दत्तक ग्रहण तथा संस्थागत देखभाल आदि की समीक्षा की जा रही है और बच्चों का किसी भी प्रकार से शोषण न हो। उनके अधिकारों का हनन न हो। आयोग द्वारा बच्चों की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, गुमशुदा एवं अन्य राज्यों से संबंधित मामलों, अनुदान एवं संस्थानों के पंजीकरण संबंधी विषयों को गंभीरता से लिया जा रहा है। तृप्ति श्योराण ने कहा कि संस्थागत देखभाल बाल हित सर्वोपरि के सिद्धांत एवं किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की भावना के अनुरूप होने चाहिए। संस्थानीकरण केवल अंतिम विकल्प के रूप में अपनाया जाए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं बाल कल्याण समितियां का सौहार्दपूर्ण समन्वय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आयोग का प्रयास है कि नागरिकों को बाल अधिकार संरक्षण के प्रति जागरूक हों। लोगों को दत्तक पुत्र लेने की प्रक्रिया का ज्ञान हो ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

### सरकार की नीतियों से किसान व युवाशक्ति दोनों हताश: कमल

**बाढ़ड़ा।** केन्द्र सरकार विदेशी ताकतों के इशारे पर देश की कृषि व युवाशक्ति को बर्बाद कर रही है, जिससे देश में बड़ी महंगाई की सुनामी आएगी। विश्व के सबसे बड़े देश के किसान की उत्पादक फसलों के भाव नाममात्र हैं और विदेशी अनाज की खरीद की जा रही है जो किसानों के लिए अच्छे संकेत नहीं है। अन्नदाता व युवाशक्ति की अनदेखी सरकार को भारी पड़ेगी, ये बात युवा कल्याण संगठन के सरंक्षक कमल सिंह प्रधान ने जुई रोड स्थित पुराने एसडीएम कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चा के धरने को संबोधित करते हुए कही। कमल सिंह प्रधान ने कहा कि कारखानों में निर्मित वस्तुओं के भाव आसमान छू रहे हैं, जबकि किसान की अनाज की लागत भी नहीं मिल पा रही है। कृषि क्षेत्र को विदेशी कंपनियों के हाथों गिरवी रखने का काम किया जा रहा है, जो भारत जैसे कृषि निर्भर देश के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। अमेरिका जैसे देशों को भारत की कृषि व्यापार का मालिक बनाना न्यायसंगत नहीं है। भारत की अर्थव्यवस्था लगातार गिरावट की ओर बढ़ रही है और डालर के मुकाबले रुपये की कीमत में लगातार कमी आना देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। इस अवसर पर बिजेन्द्र बेरला, राजकुमार, रघुबीर, भूपसिंह दलाल, नरेश कादयान, होशियार, ब्रहमपाल, नसीब सिंह, का. जयबीर लुहाच, प्रताप हंसावास, पारस व जयसिंह हंसावास आदि मौजूद रहे।

# सेमेस्टर परीक्षाओं का परिणाम एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा स्नातक पाठ्यक्रमों की टर्मिनल सेमेस्टर परीक्षाओं (छठे सेमेस्टर) के मुख्य एवं री- अपीयर परीक्षा परिणाम मात्र एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में घोषित कर दिए गए हैं । विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं अन्य उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में समय पर प्रवेश प्राप्त हो सके इसके उद्देश्य से परिणाम शीघ्र घोषित किए गए हैं। परीक्षण यंत्र पवन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों का परिणाम संतोषजनक रहा है। बीए का परिणाम 55 प्रतिशत, बीबीए का 87 प्रतिशत,बीकॉम का 71 प्रतिशत तथा बीएससी का 75 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा शाखा द्वारा विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन कार्य एवं परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया को पूरी निष्ठा एवं दक्षता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर पवन गुप्ता ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं कौशल आधारित कार्यक्रमों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

# इनेलो ने एक जून के प्रदर्शन को लेकर भरी हुंकार

- इनेलो की बैठक आयोजित, डा. वासुदेव शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त करने पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

इनेलो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आने वाले राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बुधवार को स्थानीय महम गेट स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी एक जून को होने वाले राज्यव्यापी प्रदर्शन की तैयारियों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक के दौरान इनेलो आलाकमान के निर्देशानुसार पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा को भिवानी जिला प्रभारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही पार्टी संगठन में अहम जिम्मेदारियां मिलने पर जोगेंद्र बागनवाला, सेठ हनुमान गुप्ता, डा. मनजीत ढुल का भी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा का आभार व्यक्त किया।इस दौरान नवनियुक्त जिला प्रभारी डा. वासुदेव शर्मा ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ इनेलो सडक़ों पर उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े विभिन्न मांग व मुद्दों को लेकर एक जून को इनेलो प्रदर्शन करेगी तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आमजन को महंगाई व अन्य समस्याओं से राहत देने की मांग करेगी।



**ये रहे मौजूद**

ओमप्रकाश गौरा, हनुमान गुप्ता, सुनील लांबा, जितेंद्र मिनी, कृष्ण मिताथल, अनिल पंघाल, भूप बैराण, दिलबाग चेयरमैन, जगराम साहब, बंटी तंवर, संदीप घणघस, सुभाष धानक, प्रदीप कुंडू, दिनेश नंबरदार, अनिल काठपालिया, कर्मवीर यादव, अजीत बड़ेसरा, विजेंद्र दुहन, सत्यवान शास्त्री, दीपक वाल्मीकि, पूर्ण जांगड़ा, कृष्ण बैरागी, शारदा मिश्रा, अनिल सांगवान, राजेश पुनिया, आनंद सांगवान, जमील हुसैन, श्यामाल शर्मा, विक्रम अलखपुरा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फूटा गुस्सा** मांगों के लागू न होने से खफा कर्मचारियों ने कसी कमर, जून-जुलाई में मंत्रियों के आवासों के घेराव की चेतावनी

# कर्मचारियों ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

- सरकार और प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण कर्मचारियों में निराशा और आक्रोश : सोमबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजिस्टर नंबर 41, मुख्यालय चरखी दादरी) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आईबी जुई सिविल ब्रांच भिवानी की एक बैठक बुधवार सिंचाई भवन यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। सरकार के रवैये से नाराज कर्मचारियों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि मंत्रियों के साथ बैठक में बनी सहमतियों को आज तक धरातल पर लागू नहीं किया गया है। इसी रोष के चलते कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से राज्य कमेटी के आंदोलन के फैसले का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया और संघर्ष के मैदान में कूदने का ऐलान कर दिया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान मोहित कौशिक ने की, जबकि मंच का संचालन ब्रांच सचिव जोगिंद्र मास्टर द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे जिला सचिव सोमबीर पालुवास और जिला उप प्रधान रामशरण खुंडिया ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 24 नवंबर 2025 को सेक्टर 8 चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के साथ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी।



भिवानी। मांगों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कुलदीप, प्रदीप, जितेंद्र, संदीप, रामकिशन, कैलाश, राम सिंह, प्रवीण, तस्वीर, कृष्ण, रिंकू, सतीश, सुरेंद्र, प्रवीण व मंजीत सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारियों का धरना 13वें दिन में प्रवेश 31 को करेंगे श्रुति चौधरी के आवास पर प्रदर्शन

**भिवानी।** पक्का कर्मचारी, 26000 रूपयें वेतन, एक्सग्रेसिया, 400 की आबादी पर स्थाई कर्मचारी की भर्ती की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर जारी हड़ताल आज 13वे दिन भी जारी रही। भिवानी, दादरी व रोहतक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 31 मई को नेहरू पार्क भिवानी में इकट्ठा होकर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर रोष प्रदर्शन करेगे। आज के धरने की अध्यक्षता रमेश मुढ़ाल व संचालन प्रदीप लोहानी ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा कि आज हड़ताल 13 दिन से चली हुई है मगर सैनी सरकार प्रदेश के 10500 सफाई कर्मचारियों की सुध लेने की बजाए झूठे ढकोसले कर रही है। आज महंगाई, बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है मगर भाजपा सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की आवाज को लगातार अनदेखा कर रही है। 19 साल से काम कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को ना ही पक्का किया जा रहा और ना ही जीने लायक न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है।



# दीपक वर्मा ने गर्भवती महिला के लिए किया रक्तदान

- एक यूनिट रक्त से बचती कई जिंदगियां : शतकवीर डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

सच्ची मानवता वहीं है, जो किसी के दुःख-दर्द में काम आए और किसी डूबती हुई जिंदगी के लिए तिनके का सहारा बन जाए, ऐसा ही पुण्य कार्य रक्तवीर दीपक वर्मा ने किया है। दीपक ने भिवानी के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही गर्भवती महिला के लिए निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर न केवल इंसानियत का फर्ज निभाया, बल्कि जरूरतमंद मरीज को जीवनदान देने में बहुमूल्य सहयोग किया। दीपक के सराहनीय और प्रेरणादायी कार्य की चौतरफा सराहना हो रही है।

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने दीपक वर्मा के जज्बे को सलाम करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। डुडेजा ने कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी अनजान और जरूरतमंद मरीज खासकर गर्भवती महिला के लिए आगे आकर रक्तदान करता है, तो वह केवल खून नहीं देता, बल्कि उस पूरे परिवार को नया जीवन एवं खुशियां देता है। दीपक वर्मा ने जो किया वह बेहद अनुकरणीय है।

दीपक जैसे युवा समाज के लिए लाइट हाउस की तरह हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान अक्सर रक्त की सख्त आवश्यकता होती है और सही समय पर रक्त न मिलने से स्थितियां गंभीर हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि दिल को जो सुकून मिलता है, उसकी तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती।

**ग्राम पंचायत जीतवानबास**
**ब्लॉक कैरू, जिला भिवानी**
**बोली सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जीतवानबास, खण्ड कैरू में पुराने स्कूल की बिल्डिंग जोकि कंडम घोषित हो चुकी है, की बोली जिसमें गाटर, चौखट, दरवाजे आदि की जानी प्रस्तावित है। कोई भी सज्जन बोली में भाग लेने का इच्छुक हो तो वह दिनांक 01.06.2026 को प्रातः 11 बजे जान केन्द्र जीतवानबास में आकर बोली लगा सकता है। अन्य नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
हस्ता/- राजकुमार, सरपंच,
ग्राम पंचायत जीतवानबास, खण्ड कैरू,
जिला भिवानी, मो. 9812707971

## खबर संक्षेप


बवानीखेड़ा। योग करती छात्रा।

### सज्जनपुर व्यायामशाला की बेटी ने जीता गोल्ड

**बवानीखेड़ा।** आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक के मार्गदर्शन में खंड बवानी खेड़ा की व्यायामशाला सज्जनपुर में बच्चे बुजुर्ग महिलायें निरंतर योग अभ्यास करते हैं जिससे सभी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। व्यायामशाला के बच्चे समय समय पर अपना योग प्रदर्शन विभिन्न योग प्रतियोगिताओं में करते हैं, इसी कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में व्यायामशाला सज्जनपुर की तमन्ना पुत्री बलजीत कड़वासरा ने प्रतिद्वंदियों को हराकर गोल्ड मेडल जीता।


भिवानी। नेशनल कराटे स्पर्धा में सिल्वर मेडल विजेता वासु श्योराण कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

### वासु श्योराण ने कराटे में जीता सिल्वर मेडल

**बाढ़ड़ा।** गांव बाढ़ड़ा निवासी वासु श्योराण ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशीप में सिल्वर मेडल जीतकर नया इतिहास रचा है। वासु के बेहतरीन प्रदर्शन पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने उनको बधाई दी है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 23 व 24 मई को आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप देश के नौ राज्यों के 65 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। ओवरआल चैंपियन में हरियाणा राज्य प्रथम पायदान पर रहा।


चरखी दादरी। शिक्षकों को नवीन जानकारियों से अवगत करवाते प्रशिक्षक।

### एचडी स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** बदलते शैक्षिक परिवेश और विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई के तत्वावधान में एचडी स्कूल बिरोहड़ में 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन एवं कैरियर गाइडेंस विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित जानकारियों से अवगत कराना रहा।कार्यक्रम में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन अमीत दहिया ने शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के प्रमुख बिंदुओं, अनुभवात्मक शिक्षण की विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# अतिक्रमण का मलबा उठवाने को चेयरमैन से मिला पार्षदों का दल

## पहले कब्जे ने बढ़ा रखी थी परेशानी, अब कूड़ा-कचरा बन रहा राह में रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जल्द करवाया जाएगा समस्याओं का समाधान: भवानी

हाईकोर्ट के आदेशों के बाद सेक्टर 13 का अधिकांश अतिक्रमण तो साफ हो गया,लेकिन अब अतिक्रमण का मलबा वहां पर रहने वाले लोगों व राहगीरों की राह में रोड़ा बना हुआ है। अतिक्रमण का मलबा उठवाने की मांग को लेकर बुधवार को पार्षद संदीप यादव व सूर्या तंवर की अगुवाई में सेक्टर के मौजिज लोगों का प्रतिनिधिमंडल नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि से मिला।

मलबा उठवाने के साथ उस जगह को एचएसवीपी के नियमों के हिसाब से पक्का करवाए जाने की मांग की। ताकि वहां पर रहने वाले लोगों के लिए अतिक्रमण वाली कच्ची जगह परेशानी का कारण न बन सके। चूंकि एचएसवीपी ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवा दिया और मलबें को वहीं पर छोड़ दिया। जिस वजह से सड़कों पर बिखरा मलबा लोगों की राह में रोड़ा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि मलबे की वजह कई मकान मालिकों का तो घरों में आना जाना बंद सा हो गया है। वाहन चालकों को भी अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। जिस पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने जल्द ही मलबे का कचरा उठवाकर उस जगह को एचएसवीपी के नियमों के हिसाब से पक्का करवाए जाने का भरोसा दिलाया। ताकि सेक्टर 13 की सुंदरता भी बनी रहे और रास्ते भी पूरे खुले के खुले कायम रह सके।


भिवानी। मलबा उठवाने व मलबे की जगह को पक्का करवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते हैं चेयरपर्सन प्रतिनिधि

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि मलबा उठवाने व खाली हुई जगह पर एचएसवीपी के नियमों के हिसाब से कार्य करवाने, सेक्टर 13 में एक भी गली जर्जर व कच्ची नहीं छोड़ने, जर्जर पार्कों की मरम्मत के लिए जल्द टेंडर लगवाए जाएंगे। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने बताया कि कुछ कार्य के टेंडर जून माह में लगवाकर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### जर्जर सड़कों को तत्काल बनवाया जाए: पार्षद

पार्षद संदीप यादव व पार्षद सूर्या तंवर ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को बताया कि सेक्टर कई सड़कों की हालत बेहद पतली है। सेक्टर के 1523 मकान से लेकर 1324 तक की सड़क में अनेक गड्ढे बने है। मार्केट के पीछे वाल सड़क, पीर बाबा के पास की पार्किंग, सेक्टर13 स्थित बॉक्सिंग क्लब वाला रोड, सेक्टर व न्यू हाऊसिंग बोर्ड के बाकी सभी पार्को की मरम्मत कराई जाए।

### धरने को 316 दिन हुए पूरे, सरकार के खिलाफ गरजे किसान

**लोहारू।** संयुक्त किसान मोर्चे द्वारा उपमंडल परिसर लोहारू में जारी अनिश्चितकालीन महापड़ाव के 316 वें दिन धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता मनजीत गिगनाऊ ने कहा कि किसान करोड़ों रुपए की बकाया कपास बीमा क्लेम राशि को लेकर पिछले साढ़े दस महीनों से लोहारू में महापड़ाव डाले बैठे हुए हैं लेकिन हरियाणा सरकार किसानों की मांग पर चुप्पी साधे हुए हैं। भाषण गर्मी के बीच किसान धरने पर बैठे है और बुधवार को सरकार के खिलाफ जमकर गरजे। कर्ण सिंह जैनावास ने कहा कि भिवानी के सांसद और विधायक जनता की मांगों पर चुप्पी साधे हुए हैं और अपने दायित्व से मुंह मोड़े हुए हैं।अजीत गोपालवास ने इंतकाल और जमाबंदी संबंधी पोर्टल खोलने की मांग की जिसकी वजह से किसानों के केसीसी संबंधी काम रुके हुए हैं। इस बारे में पहले भी उपायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा गया था।


लोहारू। धरने पर नारेबाजी करते किसान।


भिवानी। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी व किसान।

### जमीन का कम मिला मुआवजा, भड़के किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- किसानों ने पावर ग्रिड कार्पोरेशन को दी चेतावनी जमीन का दोबारा मूल्यांकन करवाने की मांग

**भिवानी।** सिवानी से सोनीपत तक बिछाई जा रही 400 केवी टावर लाइन के लिए जमीनों के कम मूल्यांकन मुआवजा तय करने के विरोध में भिवानी जिले के किसानों में भारी आक्रोश है। बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपा और जमीनों का दोबारा मूल्यांकन करवाने की पुरजोर मांग की। किसान सभा ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ने किसानों की सहमति के बिना मनमाने तरीके से टावरों का निर्माण शुरू किया तो किसान इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और काम को रोक दिया जाएगा। किसान नेताओं का आरोप है कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा नियुक्त सरकारी वैल्यूवर ने प्रभावित किसानों से बात किए बिना स्थानीय रजिस्ट्री दरों को नजरअंदाज कर एकतरफा मूल्यांकन किया है। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व वरिष्ठ नेता दयानन्द पूनिया ने कहा कि हिसार जिले में इसी टावर लाइन के लिए जमीनों का मूल्यांकन एक करोड़ 50 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक किया गया है, जबकि भिवानी जिला दिल्ली-एनसीआर के अंतर्गत आता है, फिर भी यहां किसानों को बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है।

### पार्षदों ने अघोषित बिजली कट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** सेक्टर 13 व आसपास के इलाकों में बार बार लगने वाले बिजली के कटों के विरोध में पार्षदों की अगुवाई में विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। लोगों का तर्क था कि बिजली के अघोषित कट व पॉवर कम होने की समस्या से उनका जीना दूभर हो गया है। इनके अलावा निगम के ठेकेदार जिस जगह पर कोई पोल बदलते है। पुराने की जगह तो नया पोल लगा देते है,लेकिन पुराने पोल को वही पर छोड़ कर चले जाते है। जो कि आमजन के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। इस पर अधीक्षण अभियंता ने उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। निगम के अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में पार्षद सूर्या तंवर व संदीप यादव ने बताया कि बिजली की सप्लाई की स्थिति सबसे बुरी सेक्टर 13, देवनगर, नेता जी नगर, राजीव कॉलोनी व उसके आसपास के इलाकों में बनी है। बिजली के बार बार लग रहे कटों ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। रात के वक्त तो बिजली के कटों की वजह से रातभर जागते रहते है। कई बार बिजली को आ जाती है,लेकिन पॉवर कम होने की वजह से कूलर व पंखे तेज नहीं चल पाते है।

## न्यूज डायरी



### हलवासिया विद्या विहार में विश्व शांति के लिए विशेष हवन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में विद्यालय की उन्नति व विश्व शांति एवं वातावरण की शुद्धि के लिए विशेष प्रार्थना एवं वैदिक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैदिक पुरोहित दुर्गदेव शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक हवन में आहुति दी। यज्ञ में यजमान की भूमिका प्राचार्य विमलेश आर्य , उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ, आचार्य राजेश मोदी एवं दानवीर सिंह ने निभाई। हवन के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा के संचार, पर्यावरण शुद्धि तथा समस्त मानवता के कल्याण और विश्व शांति की कामना की गई। कृष्ण कुमार ने बताया कि अगर शिक्षकगण योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्य को करते रहेंगे तो विद्यालय दिन- दोगुनी रात- चौगुनी उन्नति करता रहेगा।


चरखी दादरी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एसडीएम।

### एसआईआर कार्य में पारदर्शिता के लिए बीएलए नियुक्त

**चरखी दादरी।** सभी राजनीतिक दल जिला की दोनों विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के कार्य में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के निर्देशों पर एसआईआर-2026 को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में दादरी के एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह, सीटीएम डा सुभाष चंद्र व बाढडा के एसडीएम आशीष सांगवान, चुनाव नायब तहसीलदार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


चरखी दादरी। बीज उपचार की जानकारी देते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों ने किया धान व कपास का संयुक्त सर्वेक्षण

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद एवं जिला कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कपास एवं धान की फसल का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में जिला कृषि विभाग के डॉ. एपीपीओ यगदीप यादव के सहयोग से कपास और धान की फसलों में बीज उपचार के बारे में गांव मिर्च में किसान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बीज उपचार कीट नाशक दवाओं का संतुलित एवं आवश्यक प्रयोग और एनपीएसएस मोबाइल एप के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जिला के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया और किसान भाइयों को कपास और धान में लगने वाले कीट एवं व्याधि से निबटने के लिए बीज उपचार करने की सलाह दी गई।

### 30 मई को लगेगी विशेष लोक अदालत, एक बैंच का गठन

**चरखी दादरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश अनुसार 30 मई को पूरे प्रदेश में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। दादरी न्यायिक परिसर में भी लोक अदालत का आयोजन होगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की चेयरमैन डॉ. गगनदीप कौर सिंह ने इसके लिए बैंच का गठन कर दिया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने बताया कि जिन व्यक्तियों के चेक बाउंस से संबंधित मामले न्यायालयों में लंबित हैं और वे अपने मुकदमे का समाधान आपसी सहमति से करवाना चाहते हैं, तो अपने संबंधित न्यायालय में 29 मई तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित हो सकते हैं।

### सड़क हादसों में मृत्यु कम करना प्रशासन का उद्देश्य

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में रोड सेफ्टी की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम महेश कुमार ने की। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ दुर्घटनाओं में मृत्यु को कम से कम करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। विशेषकर कॉलेजों में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालान का उद्देश्य जुर्माना बढ़ाना नहीं, बल्कि सडक़ दुर्घटनाओं को कम करना है। चालान काटते समय भी वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। अधिक चालान के कारणों का पता होना जरूरी है, जैसे हेलमेट न पहनना, ऑवरस्पीड या लाइसेंस न होना, सीट बैल्ट न लगाना आदि।

### पशुपालन विभाग की टीम ने किया वैक्सीनेशन

**भिवानी।** स्वस्थ पशु-समृद्ध किसान के मूलमंत्र के साथ पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग द्वारा राज्य में पशुधन को सुरक्षित रखने के लिए विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिला भिवानी में मुंहखुर व गलघोटू जैसी गंभीर एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए 11 जून तक चलाए जा रहे मासिक संयुक्त वैक्सीनेशन अभियान के तहत टीकाकरण का कार्य भीषण गर्मी में भी पूरी गति एवं युद्ध स्तर पर जारी है तथा विभाग टीम ग्रामीण स्तर पर भी घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करते हुए उनकी सुरक्षा कार्य में जुटी हुई है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत व उपमंडल अधिकारी डॉ. राजेश जाखड़ के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सक सोनू वर्मा के नेतृत्व में विभाग की विशेष टीम ने गांव प्रहलादगढ़ और आसपास क्षेत्रों में सघन टीकाकरण अभियान चलाया, जिसके तहत भीषण गर्मी एवं तपिश की परवाह न करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर गाय व भैंसों को मुंहखुर व गलघोटू रोग से बचाने के लिए संयुक्त वैक्सीन लगाई।

# चार दिवसीय जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना चैंपियनशिप का उद्देश्य : प्रधान गुप्ता

जिले के खेलप्रेमियों और उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर सामने आया है। बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के तत्वावधान में होने वाली चार दिवसीय भिवानी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आगाज 28 मई से होगा। इस भव्य खेल महाकुंभ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह 28 मई को शाम 6 बजे भीम स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया जाएगा। खेल चैंपियनशिप को और अधिक गरिमामयी बनाने के लिए मुख्यतिथि के रूप में उपायुक्त साहिल गुप्ता शिरकत करेंगे तथा चैंपियनशिप की शुरुआत करेंगे। एसोसिएशन के प्रधान प्रोफेसर सुरेश गुप्ता व महासचिव सतविंद्र सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप 28 से 31 मई तक होगी। चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग में अंडर-11, 13, 15, 17 और अंडर-19 की लड़के एवं लड़कियां भाग लेंगे तथा ओपन वर्ग में पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि खेल के प्रति जुनून को कायम रखने के लिए 35 से अधिक आयु वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक के दिग्गजों के लिए सिंगल और डबल्स इवेंट भी आयोजित करवाएं जाएंगे। चार दिनों तक चलने वाले मुकाबलों का समापन 31 मई को होगा, जहां अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

# लिंगानुपात में सुधार को अपना नैतिक कर्तव्य समझें चिकित्सा अधिकारी: एडीसी

- बेटियों के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती
- एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने पीएनडीटी की समीक्षा बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबू करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में पीएनडीटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एडीसी ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लिंगानुपात सुधार को अपना नैतिक कर्तव्य समझें। राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए बेटियों को बचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। कन्या भ्रूण हत्या न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि सामाजिक बुराई है। कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग मिलकर छापामारी अभियान चलाए। गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण से लेकर बच्चा पैदा होने तक निगरानी की जाए। इसके साथ ही सिविल सर्जन रघुबीर शांडिल्य को निर्देश दिए कि काम में कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कारवाई अमल में लाई जाए। एडीसी ने ड्रग्स कंट्रोलर सुरेंद्र कुमार को मेडिकल स्टोरों पर छापामार कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भपात की दवाइयां अवैध रूप से कहीं भी नहीं बिकनी चाहिए।

### जिले में लिंगानुपात घटकर 897 हुआ

समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने बताया कि फिलहाल जिला में लिंगानुपात 897 है, जबकि पिछले साल 917 था। लिंगानुपात कम होने के चलते सीएचसी कैरू, धनाना और जमालपुर के चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही संदिग्ध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापामारी की जा रही है। इसके अलावा डिकॉय ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में जनसंख्या में 2000 है और लिंगानुपात 800 से कम है, वे गांव रेड जोन में आते हैं, जमालपुर सीएचसी के चार गांव, कैरू सीएचसी के आठ गांव, धनाना सीएचसी के 5 गांव, तोशाम सीएचसी के 10 गांव, मिरान सीएचसी के सात गांव, लोहारू के 17 गांव, मानहेरू के 14 गांव तथा चार शहरी क्षेत्र हैं। बेटियों के प्रति मान-सम्मान और लिंगानुपात में सुधार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से निगरानी के लिए सहेलियां नियुक्त की गई हैं। निगरानी में लापरवाही बरतने वाली सहेलियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्भपात के मामलों की गहनता से छानबीन भी जा रही है। जिला में अभी तक 513 मामले गर्भपात के मिले हैं, जिनमें 27 मामले संदिग्ध हैं। उन्होंने बताया कि नौ मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को भेजा गया है। समीक्षा बैठक में पीएनडीटी की प्रभारी डॉ. अन्नू चौधरी ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### ग्रामीण सफाईकर्मी 31 को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर करेंगे प्रदर्शन

**बाढ़ड़ा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू के आह्वान पर कच्चे कर्मियों को पक्का कर्मचारी घोषित करने, 26 हजार रुपये मासिक वेतन, एक्सग्रेसिया लागू करने तथा प्रत्येक 400 की आबादी पर स्थायी सफाई कर्मचारी भर्ती करने आदि मांगों को लेकर चल रही हड़ताल लगातार जारी रही। कर्मियों की हड़ताल 31 मई तक जारी रहेगा। वहीं कर्मियों ने 29 से 31 मई तक प्रदेश के मंत्रियों के आवासों पर रोष प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में भिवानी, चरखी दादरी व रोहतक जिलों के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 31 मई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

**मिशन एडमिशन** सीबीएलयू में दाखिले की राह आसान बनाने की कवायद

# सीबीएलयू हेल्प डेस्क विद्यार्थियों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

किसी भी छात्र को नहीं आने दी जाएगी दाखिला रजिस्ट्रेशन व अन्य दिक्कत: प्रो. दीप्ति धर्माणी

- 11 जून तक कर सकेंगे यूजी व यूजी डिप्लोमा कोर्सेज में दाखिले के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विवि में यूजी व यूजी डिप्लोमा कोर्सेज में एडमिशन की जानकारी देने के लिए विवि के ओल्ड कैंपस में स्थापित किया गया हेल्प डेस्क विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्वयं विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी ने ओल्ड कैंपस में पहुंचकर आज हेल्प डेस्क व दाखिलों से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस पर लगातार पहुंच रहे छात्रों व उनके अभिभावकों को विभिन्न कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। एडमिशन कमेटी समन्वयक ने बताया कि 11 जून विश्वविद्यालय में यूजी कोर्सेज में ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम दिन है। इस अवसर पर प्रो. दीप्ति धर्माणी ने अडमिशन कमेटी व हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि दाखिलों के संबंध में किसी भी छात्र को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क के अलावा छात्र ऑनलाईन भी फॉर्म भर सकतें हैं और दाखिलों संबंधित जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीबीएलयू पहुंचने वाले छात्र व उनके अभिभावकों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसे ध्यान में रखते हुए हेल्प डेस्क बनाया गया है, जो छात्र किसी कारण से खुद ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते, उनके आवेदन भी यहीं पर कराने का इंतजाम किया गया है।


भिवानी। यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए लगाया गया हेल्प डेस्क। फोटो : हरिभूमि

### सुबह 9 बजे से मिलेगी जानकारी

इस अवसर पर एडमिशन कमेटी के कन्वीनर प्रो. सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि हेल्प डेस्क सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कार्यरत रहता है। इसके साथ ही अलग-अलग फैकेल्टी के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए दो मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। इन पर छात्र व अभिभावक दाखिले के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने या फिर फीस जमा कराने के दौरान आने वाली किसी भी समस्या के बारे में बात कर सकते हैं।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : मैन रोड, नजदीक बस स्टैंड, पुरानी एल.आई.सी. वाली गली, चरखी दादरी
9050035973, 8930848242